सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-401
19/09/2016

उरी आतंकी हमले में बिहार के रहने वाले तीन शहीद जवानों के आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से दिया जायेगा 05 लाख रूपये– मुख्यमंत्री

पटना, 19 सितम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के उरी आतंकी हमले में शहीद बिहार के रहने वाले बिहार रेजिमेंट के शहीद तीन जवानों के निकटतम आश्रितों को राज्य सरकार की तरफ से 05 लाख रूपये देने की घोषणा की, साथ ही शहीद जवानों का जिला प्रशासन द्वारा पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

जम्मू के उरी में हुये आतंकी हमलें में बिहार के रहने वाले बिहार रेजिमेंट के तीन जवान शहीद हुये थे। हमले में गया के नायक एस0के0 विद्यार्थी, कैमूर के सिपाही राकेश सिंह एवं भोजपुर के हवलदार अशोक कुमार शहीद हुये थे। कैमूर एवं गया जिला में शहीद जवानों के अंतिम संस्कार के समय राज्य सरकार के तरफ से जिले के प्रभारी मंत्री उपस्थित रहेंगे तथा भोजपुर में राज्य सरकार की तरफ से उद्योग एवं विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी मंत्री श्री जय कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आतंकी हमले में शहीद हुये जवानों की शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि सभी जवान सच्चे देशभक्त थे और उन सभी के शहादत को भारत वर्ष कभी नहीं भूल पायेगा। उनके शहादत को हमेशा याद रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने वीर सपूतों की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीदों के परिवार के साथ है।

****